C M Y K

# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

DIGITAL – EPAPER


RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 187 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - सोमवार, 28 दिसम्बर,2025 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4

## पूर्व सीएम वसुंधरा राजे अचानक जोगणियां माताजी पहुंचीं, आम श्रद्धालुओं के बीच किए माता के दर्शन

### बिना पूर्व सूचना के दौरे से मचा कौतूहल, 25 मिनट में पूजा कर रवाना





भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया ।

**रमेश गुर्जर** । राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सिंधिया रविवार को मेवाड़ के प्रमुख शक्तिपीठ जोगणियां माताजी मंदिर पहुंचीं। यह यात्रा पूरी तरह से अचानक रही, क्योंकि इसका कोई पूर्व निर्धारित कार्यक्रम नहीं था। जैसे ही उनके मंदिर पहुंचने की सूचना फैली, श्रद्धालुओं और मंदिर प्रबंधन में उत्सुकता का माहौल बन गया।


पूर्व मुख्यमंत्री ने आम श्रद्धालुओं के बीच कतार में खड़े होकर दर्शन किए और मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना कर माताजी को चुनरी भेंट की। उन्होंने निज मंदिर में विराजित महाकाली, महालक्ष्मी एवं महासरस्वती की श्रृंगारित प्रतिमाओं के दर्शन कर प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की।

मंदिर आगमन पर जोगणियां माता शक्तिपीठ संस्थान के अध्यक्ष सत्यनारायण जोशी ने उनका आत्मीय स्वागत किया। उन्होंने मंदिर परिक्रमा में स्थित चौंसठ योगिनी मंदिर तथा इसके ऐतिहासिक महत्व की जानकारी दी। इस दौरान वेद विद्यालय के वेदपाठियों द्वारा मंत्रोच्चारण से मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण में सराबोर रहा।

इस अवसर पर संस्थान अध्यक्ष सत्यनारायण जोशी के साथ रमेश गुर्जर, दलपत सिंह सांखला, सीताराम धाकड़, सूरजमल गुर्जर, प्रेमचंद धाकड़ उमर, दुर्गालाल सेन, मधुसूदन शर्मा, पुजारी योगेश सुथार, व्यवस्था प्रभारी शंकर लाल धाभाई, महेंद्र सिंह सोलंकी सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। सुरक्षा व्यवस्था में पुलिस चौकी के सुरेंद्र सिंह मीणा और खेमराज चौधरी भी मौके पर तैनात रहे।

जानकारी के अनुसार, वसुंधरा राजे दो वर्ष पूर्व भी जोगणियां माताजी के दर्शन करने आ चुकी हैं। रविवार को वह झालावाड़ से कार द्वारा ब्यावर जा रही थीं। इसी दौरान हाईवे-27 पर मेनाल टोल नाका से उनका काफिला अचानक जोगणियां माता मंदिर की ओर मुड़ गया। मंदिर में लगभग 20 से 25 मिनट रुककर दर्शन-पूजन करने के बाद वह पुनः अपने गंतव्य की ओर रवाना हो गईं।

## नाहरगढ़ चौराहे पर सड़क हादसा, एक महिला की मौत, दो गंभीर घायल



भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़

क्षेत्र में धामनिया के निकट नाहरगढ़ चौराहे पर रविवार सुबह एक सड़क हादसा हो गया । तेज रफ्तार कार सड़क किनारे खड़े ट्रेलर से जा टकराई, जिससे कार में सवार एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए । बीगोद थाना प्रभारी जय सुल्तान ने बताया कि हादसा सुबह उस समय हुआ जब कार सवार खाटू श्याम दर्शन कर वापस गुजरात जा रहे थे । इस दौरान कार अनियंत्रित होकर खड़े ट्रेलर में पीछे से जा घुसी , टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार के आगे का हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया । प्रथम दृष्टया हादसे का कारण कार चालक को नींद की झपकी आना बताया जा रहा है, हालांकि पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है हादसे की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और तुरंत पुलिस को जानकारी दी ।

सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। मृतक महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया, वहीं दोनों घायलों को गंभीर अवस्था में उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है । पुलिस ने बताया कि मृतक महिला हेतल बेन परमार व घायल गुजरात निवासी हैं । पुलिस मामले की जांच में जुटी है ।

## अरावली को खत्म करना राजस्थान की आत्मा पर चोट है - रामलाल जाट

### अरावली बचाओ जन-आंदोलन के तहत भीलवाड़ा देहात में जन-जागरण पदयात्रा

भीलवाड़ा फोकस @ आसीन्द।


अरावली बचाओ जन-आंदोलन के तहत जिला कांग्रेस कमेटी भीलवाड़ा (देहात) द्वारा रविवार, को जन-जागरण पदयात्रा का आयोजन किया गया। पदयात्रा का नेतृत्व जिला कांग्रेस (देहात) अध्यक्ष रामलाल जाट ने किया। पदयात्रा सुबह 10 बजे अरावली की तलेटी, पाबू राठोड़ जी के मंदिर व सूरज चौराहा से प्रारंभ होकर बेमाता मंदिर, कीड़ीमाल (करेड़ा) पर जाकर संपन्न हुई। शंकर लाल गाडरी ने बताया कि पदयात्रा के शुभारंभ पर सामाजिक कार्यकर्ताओं ने कटपुतली नाटक, गीत और भजन के माध्यम से आमजन को अरावली पर्वतमाला के संरक्षण को लेकर जागरूक किया। इस दौरान प्रकृति विरोधी कानूनों, अरावली से जुड़े निर्णयों तथा मनरेगा से जुड़े मुद्दों पर भी जन-जागरूकता फैलाई गई।




पदयात्रा को संबोधित करते हुए रामलाल जाट ने कहा कि अरावली को खत्म करने का मतलब सिर्फ पहाड़ तोड़ना नहीं, बल्कि राजस्थान की आत्मा और जमीर को चोट पहुंचाना है। अरावली केवल पहाड़ नहीं, हमारा माथा है, हमारी पहचान है।उन्होंने कहा कि अरावली पर लिए गए निर्णय प्रकृति के खिलाफ हैं। यदि प्रकृति का स्वरूप ही बदल जाएगा तो राजस्थान में बचा ही क्या रहेगा। अरावली की पहाड़ियां भूजल रिचार्ज, वर्षा जल संरक्षण, मरुस्थलीकरण रोकने, जैव विविधता संरक्षण और प्रदूषण नियंत्रण में अहम भूमिका निभाती हैं। उन्होंने आमजन से आह्वान किया कि यदि अभी नहीं जागे तो आने वाली पीढ़ियों के लिए अरावली नहीं बचेगी। जन-जागरण पदयात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं और ग्रामीण ढोल-नगाड़ों के साथ नाचते-गाते 'अरावली बचाओ' के नारे लगाते हुए बेमाता मंदिर कीड़ीमाल तक पहुंचे। मार्ग में विभिन्न स्थानों पर ग्रामीणों द्वारा पदयात्रा का स्वागत एवं अभिनंदन किया गया।

इस अवसर पर ओमप्रकाश नरानीवाल, राजेंद्र त्रिवेदी, मनीष मेवाड़ा, गोवर्धन गुर्जर, भगवान मुक्कड़, दुर्गेश शर्मा, महेश सोनी, हैप्पी बना, मोनू त्रिवेदी, भेरूलाल बैरवा, अशोक जैन, आशीष राजथला, उदयलाल फौजी, शीला गुर्जर, डाली देवी, शंभू लाल गुर्जर, श्यामलाल गुर्जर, गोपाल सालवी, संपत गुर्जर, रमेशचंद्र समरिया, विकास सुवालका, घिसा गुर्जर, ईश्वर गुर्जर, शुभ नेडिया, आशा सरगर, खुशबू गुर्जर, विष्णु, दिनेश मेघवंशी, धर्मेश रायका सहित कई कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इससे पूर्व सुबह 9 बजे कांग्रेस स्थापना दिवस के अवसर पर गांधी भवन स्थित जिला कांग्रेस कार्यालय में ध्वजारोहण किया गया। इस मौके पर रामलाल जाट ने मनरेगा और अरावली बचाने के लिए संघर्ष जारी रखने का संकल्प दोहराया।

## स्विफ्ट कार ने ट्रैक्टर-ट्रॉली को मारी टक्कर, चालक घायल



भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर

**(सांवर वैष्णव)** नेशनल हाईवे 758 पर सवाईपुर कस्बे के समीप कालिरड़िया चौराहे के पास शनिवार रात्रि को सड़क हादसा हो गया। बिगोद की ओर जा रही स्विफ्ट कार ने आगे चल रहे छोटे ट्रैक्टर-ट्रॉली को पीछे से टक्कर मार दी, जिससे ट्रैक्टर चालक गंभीर रूप से घायल हो गया।

घायल इकबाल लोहार (35) पुत्र जब्बर लोहार, निवासी बीगोद को 108 एंबुलेंस की सहायता से जिला चिकित्सालय भिजवाया गया।


सूचना पर चौकी पुलिस मौके पर पहुंची। कांस्टेबल संदीप कुमार ने बताया कि दुर्घटना में स्विफ्ट कार का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। पुलिस ने दोनों दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को पुलिस चौकी में खड़ा करवाया है।

## पुर हाईवे पर हादसा, कंटेनर चालक की मौत

### अचानक ब्रेक लगाने से ट्रेलर से टकराया कंटेनर, डेढ़ घंटे जाम

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

पुर हाईवे पर रविवार दोपहर एक दर्दनाक सड़क हादसे में कंटेनर चालक की मौके पर ही मौत हो गई। हादसा इतना भीषण था कि टक्कर के बाद हाईवे पर करीब डेढ़ घंटे तक यातायात ठप रहा और लंबा जाम लग गया। जानकारी के अनुसार रविवार को दोपहर आगे चल रहे ट्रेलर चालक ने अचानक ब्रेक लगा दिए, जिससे पीछे आ रहा




कंटेनर ट्रेलर से जा टकराया। टक्कर के बाद कंटेनर की केबिन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और चालक अंदर फंस गया। मृतक की पहचान अख्तर हुसैन पिता वजीर हुसैन, निवासी मोहम्मद नगर मेवात के रूप में हुई है। हादसे की सूचना पर पुर थाना पुलिस और 108 एंबुलेंस मौके पर पहुंची।

करीब डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद चालक को केबिन से बाहर निकालकर जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है ।

'भीलवाड़ा फोकस'

अपने शहर और गाँव के समाचार, सूचनाएँ, सार्वजनिक घोषणाएँ या विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए संपर्क करें।

Mo. 8696795959

Bhilwarafocus@gmail.com

BHILWARA Focus

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ

## अज्ञात कारणों से विवाहिता लटकी फांसी के फंदे पर, पुलिस जुटी जांच में

भीलवाड़ा फोकस @ काछोला ।

**विक्रम सिंह**

कस्बे के खटीक मोहल्ले में अज्ञात कारणों से एक विवाहिता का शव फांसी के फंदे पर लटका मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई ।घटना की जानकारी मिलते ही मोहल्लेवासियों में हड़कंप मच गया और तत्काल पुलिस को सूचना दी । मृतका के परिजनों ने ससुराल पक्ष पर दहेज के लिए हत्या करने का आरोप लगाते हुए पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई है । परिजनों ने मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है । सूचना पर कोटड़ी पुलिस उपाधीक्षक सुरेश कुमार डाबरिया, काछोला थाना प्रभारी मालीराम तथा उप निरीक्षक बालकिशन शर्मा मौके पर पहुंचे । अधिकारियों ने परिजनों से बातचीत कर उन्हें समझाइश की और आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू की । पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सुपुर्द किया है । पुलिस मामले की जांच में जुटी है ।

# अरावली बचाओ जन-जागरण महारैली में सरकार के खिलाफ गूंजे नारे

## कांग्रेस स्थापना दिवस पर आतिशबाजी, मिठाइयों का वितरण

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा ।

**मूलचन्द पेसवानी**



प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार रविवार को शाहपुरा में अरावली बचाओ जन-जागरण महारैली का आयोजन किया गया। महारैली शाहपुरा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी एवं नगर कांग्रेस कमेटी शाहपुरा के संयुक्त तत्वावधान में निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

महारैली का नेतृत्व शाहपुरा-बनेड़ा कांग्रेस विधायक प्रत्याशी नरेंद्र कुमार रैगर एवं नगर कांग्रेस कार्यवाहक अध्यक्ष रमेश सेन ने किया। रैली तहनाल गेट से प्रारंभ होकर मुख्य बाजार से होते हुए त्रिमूर्ति चौराहा पहुँची। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने हाथों में अरावली बचाओ की तख्तियां और बैनर लेकर राज्य सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

त्रिमूर्ति चौराहे पर आयोजित सभा को संबोधित करते हुए नरेंद्र कुमार रैगर ने कहा कि अरावली पर्वत श्रृंखला राजस्थान की जीवनरेखा है और पर्यावरण संतुलन की रीढ़ है, लेकिन वर्तमान सरकार की लापरवाही और संरक्षण में हो रहे अवैध खनन से अरावली को गंभीर नुकसान पहुँच रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि कांग्रेस पार्टी अरावली के संरक्षण के लिए सड़क से सदन तक संघर्ष करेगी और पर्यावरण के साथ किसी भी तरह का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अरावली को बचाना आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य के लिए अनिवार्य है।

महारैली के समापन के बाद कांग्रेस के स्थापना दिवस के अवसर पर त्रिमूर्ति चौराहे पर कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी की और आमजन में मिठाइयाँ वितरित कर दिवस को उत्साहपूर्वक मनाया।

इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष रचना मिश्रा, पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष नमन ओझा, नगर महामंत्री ओम सिंधी, नगर उपाध्यक्ष सुनील मिश्रा, सेवादल ब्लॉक अध्यक्ष जयंत जीनगर, वरिष्ठ कांग्रेस नेता लादूराम खटीक, मानक घुसर, भेरूलाल खटीक, अजय मेहता, रामप्रसाद धाकड़, सरपंच भागवत सिंह राणावत, यूथ कांग्रेस नगर अध्यक्ष अमन पौड़िक, मंडल अध्यक्ष संवारा कुमावत, आनंद तिवारी, पूर्व पार्षद शंकर खटीक, नाथू कोली, युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष दीपेंद्र सिंह, एनएसयूआई ब्लॉक अध्यक्ष सूरज मेवाड़ा, राजू गुर्जर, पुष्पेंद्र सिंह, पार्षद प्रत्याशी रविदत्त पुंडरीक, यूनुस खान, पूर्व मंडल अध्यक्ष कैलाश फामड़ा, समीर खान, सौरभ जोशी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं महिला कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# ज्ञानवर्धक संवाद कार्यक्रम में थानाधिकारी श्रद्धा ने विद्यार्थियों का बढ़ाया आत्मविश्वास



भीलवाड़ा फोकस @ आसींद ।

कस्बे में स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर पब्लिक लाइब्रेरी में रविवार को आयोजित ज्ञानवर्धक संवाद कार्यक्रम में आसींद थानाधिकारी श्रद्धा पचौरी ने सहभागिता की। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों से संवाद किया और अपने अनुभव साझा करते हुए उन्हें मार्गदर्शन प्रदान किया।

थानाधिकारी श्रद्धा पचौरी ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि हारना बुरी बात नहीं है, लेकिन लक्ष्य छोटा रखना अच्छी बात नहीं है। उन्होंने छात्रों को बड़े लक्ष्य निर्धारित करने और उन्हें हासिल करने के लिए पूरी मेहनत, अनुशासन और निरंतर अध्ययन पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि यदि विद्यार्थी कड़ी मेहनत और लगन के साथ लगातार पढ़ाई करें, तो सफलता अवश्य प्राप्त होगी।

लाइब्रेरी के विद्यार्थियों से हुई इस संवादात्मक चर्चा के दौरान माहौल उत्साह और सकारात्मक ऊर्जा से भरपूर रहा। लाइब्रेरी संचालक एडवोकेट विकास कुमार बैरागी ने बताया कि इस कार्यक्रम से विद्यार्थियों में आत्मविश्वास बढ़ा है और उन्हें सही दिशा में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिली है।

इस अवसर पर एएसआई श्रवण बिश्नोई, नवचयनित पुलिस कांस्टेबल संगीता शर्मा एवं शिव वैष्णव, बैंक अधिकारी पूजा वैष्णव, जगदीश गुर्जर, रोशन सालवी, महावीर गुर्जर, विकास पहाड़िया, विकास माली सहित बड़ी संख्या में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# सड़क निर्माण में लापरवाही, विंध्यावली शक्तिपीठ से मेवाड़ा गेस्ट हाउस तक खुदाई से आवागमन बाधित

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।




नरेश धाकड़ नगर पालिका द्वारा कराए जा रहे सड़क निर्माण कार्य के दौरान विंध्यावली शक्तिपीठ के मंदिर परिसर से लेकर मेवाड़ा गेस्ट हाउस तक लगभग पूरे मार्ग पर एक जैसी स्थिति बनी हुई है। सड़क किनारे की गई खुदाई के कारण मार्ग बेहद संकरा हो गया है, जिससे श्रद्धालुओं के साथ-साथ वाहन चालकों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।जानकारी के अनुसार खुदाई से सड़क का स्तर काफी नीचे चला गया है। मार्ग के एक तरफ़ वाहनों की पार्किंग रहती है, जबकि दूसरी ओर गहरी खाई होने से रास्ता और भी तंग हो गया है। ऐसे में आमने-सामने से आने वाले वाहनों को निकलने में कठिनाई हो रही है और जरा-सी चूक बड़े हादसे का कारण बन सकती है।थानीय लोगों का कहना है कि इस पूरे हिस्से में कहीं भी पर्याप्त बैरिकेडिंग, रेलिंग या चेतावनी संकेत नहीं लगाए गए हैं। रात के समय प्रकाश व्यवस्था के अभाव में खतरा और बढ़ जाता है। मंदिर में दर्शन के लिए आने वाले बुजुर्ग, महिलाएं और बच्चे खास तौर पर असुरक्षित महसूस कर रहे हैं।श्रद्धालुओं व क्षेत्रवासियों ने नगर पालिका प्रशासन से मांग की है कि विंध्यावली शक्तिपीठ से मेवाड़ा गेस्ट हाउस तक किए गए निर्माण कार्य में तत्काल सुरक्षा इंतजाम किए जाएं। जब तक सड़क निर्माण पूरा नहीं होता, तब तक अस्थायी भराव, मार्ग चौड़ीकरण, वाहनों की पार्किंग पर नियंत्रण और स्पष्ट संकेतक लगाए जाएं, ताकि लोगों को राहत मिल सके और किसी अप्रिय घटना से बचाव हो सके।

# सड़कों के बीचोंबीच लगे विद्युत पोल बने हादसे का कारण

## वार्ड नंबर 3 के मुख्य मार्ग पर कभी भी हो सकता है बड़ा हादसा

भीलवाड़ा फोकस @ आसींद ।



नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड नंबर 3 में मुख्य मार्ग पर जगह-जगह सड़कों के बीचोंबीच लगे विद्युत पोल आमजन के लिए गंभीर खतरा बने हुए हैं। कई स्थानों पर विद्युत पोलों पर रोड लाइट नहीं होने के कारण रात्रि समय दृश्यता बेहद कम हो जाती है, जिससे वाहन चालकों व राहगीरों के साथ कभी भी बड़ा हादसा होने की आशंका बनी हुई है।

स्थानीय लोगों के अनुसार मार्ग संकरा होने के बावजूद बीच सड़क में लगे विद्युत पोल दुर्घटनाओं को न्योता दे रहे हैं। रात के समय दोपहिया और चारपहिया वाहन चालकों को अचानक सामने पोल आ जाने से संतुलन बिगड़ने का खतरा बना रहता है। स्थिति तब और गंभीर हो जाती है जब बारिश या कोहरे के दौरान सड़क पर फिसलन रहती है। वही एक पोल क्षतिग्रस्त भी है ।

# गुजरात के प्रमुख तीर्थों पर उज्जैन महाकाल की तर्ज पर होगी भव्य महाआरती

## दशम सेवा समिति के 61 कार्यकर्ता एकरूप वेशभूषा में करेंगे आरती

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।



उपनगर पुर की दशम सेवा समिति द्वारा आगामी 29 दिसंबर से 3 जनवरी के बीच गुजरात राज्य के प्रमुख धार्मिक स्थलों पर उज्जैन महाकाल की तर्ज पर भव्य महाआरती का आयोजन किया जाएगा। इस विशेष धार्मिक यात्रा में समिति के 61 कार्यकर्ता एक जैसी वेशभूषा में सहभागिता करेंगे, जो आयोजन को एक विशिष्ट और अनुशासित स्वरूप प्रदान करेगा।

समिति के अनुसार यह महाआरती यात्रा सोमनाथ मंदिर, द्वारिकाधीश मंदिर, भेट द्वारिका, गिरनार पर्वत, पावागढ़ माताजी, अंबाजी माताजी तथा माउंट आबू गुरुशिखर सहित अन्य प्रमुख तीर्थ स्थलों पर संपन्न की जाएगी।

इस धार्मिक अनुष्ठान का महत्वपूर्ण उद्देश्य उपनगर पुर स्थित भगवान लक्ष्मीनाथ मंदिर के पुनः नवनिर्माण को लेकर ईश्वर से प्रार्थना करना भी है। समिति द्वारा प्रत्येक महाआरती के माध्यम से यह अर्जी लगाई जाएगी कि भगवान लक्ष्मीनाथ का मंदिर शीघ्र नव निर्माण हो, जिससे ठाकुरजी को जर्जर एवं टूटे-फूटे मंदिर में निवास न करना पड़े। साथ ही पुरवासियों में मंदिर पुनर्निर्माण को लेकर जागरूकता और सहभागिता की भावना जागृत करने की भी कामना की जाएगी।

# अरावली संरक्षण को लेकर राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन



भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

जैन श्वेतांबर सोशल ग्रुप मेवाड़ द्वारा अरावली पर्वतमाला के संरक्षण की मांग को लेकर राष्ट्रपति के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया।

ग्रुप के अध्यक्ष धर्मेश कोठारी व सचिव संदीप चंडालिया ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट एवं केंद्र सरकार द्वारा 100 मीटर से कम ऊंचाई वाली पहाड़ियों को अरावली की परिभाषा से बाहर रखने तथा वहां खनन एवं अन्य गतिविधियों की अनुमति देने से अरावली पर्वतमाला में विद्यमान असंख्य वन्य जीवों का प्राकृतिक पारिस्थितिकी तंत्र नष्ट हो जाएगा। इससे पर्वतीय व तलहटी क्षेत्रों के अनेक जल स्रोत समाप्त होंगे तथा भारी संख्या में वृक्षों की क्षति होगी। ग्रुप के मनीष बंब ने कहा कि अरावली पर्वतमाला विश्व की प्राचीनतम पर्वतमालाओं में से एक है, जिसका मेवाड़ के इतिहास, पर्यावरण और जल संतुलन में विशेष महत्व रहा है। ऐसे में इसका संरक्षण नितांत आवश्यक है। ग्रुप ने केंद्र सरकार से इस कानून को तत्काल निरस्त कर अरावली संरक्षण हेतु सख्त एवं प्रभावी कानून बनाने की मांग की है। ज्ञापन देते समय धर्मेश मीना, कोठारी, कुलदीप चंडालिया, जितेंद्र गोलिछा, राजकुमार इंदु बम्ब, गरिमा संदीप रांका, शीतल चंडालिया, हिम्मत गोखरू, दीपक सोनी, अभिषेक सोनी, अर्पित बोहरा सहित कई सदस्य उपस्थित रहे।



QUICK BITES

## मानपुरा के पास बजरी माफिया का कहरः गर्भवती गौवंश व बछड़े की मौत

### ओवरलोड ट्रैक्टर से कुचलने का आरोप, ग्रामीणों में आक्रोश

भीलवाड़ा फोकस @ माण्डलगढ़ ।



थाना क्षेत्र के मानपुरा-महुआ सड़क मार्ग पर रविवार अल सुबह बजरी से भरे तेज़ रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली की चपेट में आने से एक गर्भवती गौवंश और उसके नवजात बछड़े की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि आधा दर्जन से अधिक गौवंश गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद बजरी माफिया का ट्रैक्टर मौके से फरार हो गया, जिससे ग्रामीणों में भारी आक्रोश फैल गया। ग्रामीणो का आरोप है कि बनास नदी से प्रतिदिन सैकड़ों ट्रैक्टर-ट्रॉली द्वारा अवैध बजरी खनन व परिवहन धड़ल्ले से किया जा रहा है। ओवरलोड वाहनों के कारण क्षेत्र की सड़कें बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुकी हैं और दुर्घटनाओं का खतरा लगातार बढ़ रहा है। मानपुरा, महुआ, बिलिया, रलायता व श्यामपुरा मार्गों पर दिन-रात तेज रफ्तार बजरी वाहन दौड़ते देखे जा रहे हैं। हादसे की सूचना पर माण्डलगढ़ थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पशु चिकित्सक द्वारा मृतक गौवंश का पोस्टमार्टम कर अंतिम संस्कार कराया गया, जबकि घायल गौवंश को महुआ गांव की गौशाला में शिफ्ट कर उपचार जारी है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि बीगोद थाना क्षेत्र के बिलिया व रलायता के पास बनास नदी में जेसीबी मशीनों से खुलेआम अवैध खनन जारी है। शिकायतों के बावजूद प्रभावी कार्रवाई नहीं होने से बजरी माफिया बेखौफ है। ग्रामीणों का कहना है कि पहले भी महुआ मार्ग पर बजरी वाहनों से कई हादसे हो चुके हैं।

इस संबंध में थानाधिकारी घनश्याम मीणा, ने बताया कि अभी तक किसी ने लिखित रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई है, फिर भी पुलिस टीम फरार वाहन की तलाश में जुटी है और अवैध बजरी परिवहन पर लगाम लगाने के लिए क्षेत्र में गश्त बढ़ा दी गई है।

## पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे का बनकाखेड़ा में किया स्वागत

भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर



(सांवर वैष्णव) राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सिंधिया का कोटा से ब्यावर जाते समय बनकाखेड़ा गांव स्थित मोचड़िया के मंड देवनारायण गेट पर स्वागत किया गया। जनसेवक सांवर जाट के सानिध्य में उन्हें माला व साफा ओढ़ाकर अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं से पूर्व मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया। स्वागत कार्यक्रम में हिन्दू युवा वाहिनी जिला अध्यक्ष देवराज जाट, राजेश जाट , युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष सियाराम रायका, विष्णु जाट, कन्हैयालाल जाट पपलाज, संजय जाट सहित कई लोग उपस्थित रहे।

भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ

एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर!

"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है ।

क्या आपके पास है –

- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?

तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।

संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com

# कांग्रेस के 141वें स्थापना दिवस पर शाहपुरा में विचार, संकल्प और सेवा का संदेश

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।

**मूलचन्द पेसवानी**



शाहपुरा नगर एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की ओर से कांग्रेस पार्टी का 141वां स्थापना दिवस पूरे गरिमामय वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर नगर कांग्रेस कार्यालय बालाजी की छतरी पर नगर कांग्रेस अध्यक्ष बालमुकंद तोषनीवाल ने ध्वजारोहण कर कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत की। ध्वजारोहण के साथ ही कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस के इतिहास, मूल्यों और विचारधारा को आत्मसात करने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पीसीसी सदस्य संदीप जीनगर ने कहा कि कांग्रेस केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि एक विचार, एक आंदोलन और देश की आत्मा से जुड़ा हुआ दर्शन है। उन्होंने कहा कि आजादी की लड़ाई से लेकर आधुनिक भारत के निर्माण तक कांग्रेस की भूमिका ऐतिहासिक रही है। कांग्रेस एक धर्मनिरपेक्ष पार्टी के रूप में उभरी, जिसने लंबे समय तक भारतीय राजनीति को दिशा दी और आज भी उसके विचारों की यात्रा अनवरत जारी है। महात्मा गांधी जीवन दर्शन समिति के संयोजक अविनाश शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि स्थापना दिवस केवल उत्सव का दिन नहीं, बल्कि आत्ममंथन का अवसर भी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को अपने गौरवशाली अतीत का सिंहावलोकन करते हुए वर्तमान परिस्थितियों में आत्मावलोचन और भविष्य के लिए ठोस चिंतन की आवश्यकता है। गांधीजी के सत्य, अहिंसा और सेवा के सिद्धांत आज भी कांग्रेस की मूल आत्मा हैं, जिन्हें जन-जन तक पहुंचाने की जरूरत है।

नगर कांग्रेस अध्यक्ष बालमुकंद तोषनीवाल ने कहा कि 28 दिसंबर 2025 को कांग्रेस के 141वें स्थापना दिवस के अवसर पर हम उन करोड़ों पुरुष और महिला कार्यकर्ताओं को नमन करते हैं, जिन्होंने निस्वार्थ भाव से देश और संगठन की सेवा की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा समाज के अंतिम व्यक्ति के अधिकारों की बात की है और आने वाले समय में भी जनहित के मुद्दों को पूरी मजबूती से उठाया जाएगा।

स्थापना दिवस कार्यक्रम में पीसीसी सदस्य संदीप महावीर जीनगर, पूर्व जिला महासचिव रामेश्वर सोलंकी, नगर महामंत्री आनंद सेठी, अखिल व्यास, रमेश शर्मा, पार्षद मुबारिक हुसैन रंगरेज, डॉ. इशाक खान कायमखानी, पूर्व पार्षद प्रभु सुगंधी, सद्दीक पठान, सुभाष व्यास, रामस्वरूप टेपण, शंकर खटीक, नाथू कोली, मदन सर्वा, धनराज जीनगर, एनएसयूआई ब्लॉक अध्यक्ष सूरज मेवाड़ा, केशव सपूत, गुड्डू खां कायमखानी, सलीम खान सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रहित और संगठन की मजबूती के संकल्प के साथ हुआ।

# उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा का भीलवाड़ा दौरा

### बैरवा दिवस सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में हुए शामिल

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।



उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा रविवार को भीलवाड़ा दौरे पर रहे। इस दौरान वे नगर निगम सभागार में आयोजित बैरवा दिवस सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम में उन्होंने समाज की विभिन्न प्रतिभाओं का सम्मान किया।

समारोह को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री डॉ. बैरवा ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर सामाजिक क्रांति के अग्रदूत थे। उन्होंने समानता और सामाजिक न्याय पर आधारित समाज का सपना देखा था, जिसे साकार करना हम सभी का दायित्व है।

कार्यक्रम के दौरान शिक्षा, सेवा, प्रशासन सहित विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली 151 प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। साथ ही नवनियुक्त कर्मचारियों का स्वागत एवं सेवानिवृत्त कर्मचारियों को सम्मानपूर्वक विदाई दी गई।

समारोह का संचालन मनीष बैरवा, आशा बैरवा, प्रह्लाद बैरवा एवं महादेव बैरवा ने संयुक्त रूप से किया।

इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. लाला राम बैरवा, शाहपुरा विधायक तथा राकेश पाठक, नगर निगम महापौर सहित समाज के कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# बालिकाएं बनीं हुनरमंद, ब्यूटी एंड वेलनेस में ऑन जॉब ट्रेनिंग से आत्मनिर्भरता की ओर कदम

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।

**मूलचन्द पेसवानी**



पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बिशनिया की कक्षा 11 की 28 बालिकाएं इन दिनों ऑन जॉब ट्रेनिंग कार्यक्रम के तहत ब्यूटी एंड वेलनेस क्षेत्र में व्यावहारिक प्रशिक्षण लेकर अपने सपनों को नया आकार दे रही हैं। दिनांक 25 दिसम्बर से 3 जनवरी तक कुल 80 घंटे की इस विशेष ट्रेनिंग का आयोजन न्यू अप्सरा ब्यूटी पार्लर, शाहपुरा में किया जा रहा है। प्रशिक्षण के चतुर्थ दिवस रविवार को भी बालिकाओं की उपस्थिति और उत्साह देखने लायक रहा।

व्यावसायिक शिक्षक बिनु कंवर एवं कोशल मित्र गोपाल लाल शर्मा ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान बालिकाएं विभिन्न प्रकार की केश-सज्जा, पेडीक्योर, मेहंदी, नेल आर्ट सहित ब्यूटी एंड वेलनेस से जुड़े आधुनिक कौशल सीख रही हैं। पार्लर में वास्तविक कार्य वातावरण में प्रशिक्षण मिलने से बालिकाओं का आत्मविश्वास बढ़ा है और वे रोजगारोन्मुखी हुनर हासिल कर रही हैं। प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में बालिकाएं न केवल तकनीक सीख रही हैं, बल्कि ग्राहक संवाद, स्वच्छता और प्रोफेशनल एटीकेट्स जैसे पहलुओं से भी परिचित हो रही हैं। इसी क्रम में बख्त विलास, शाहपुरा स्थित कस्तूरबा गांधी ट्रस्ट में गृह सज्जा एवं सिलाई का ऑन जॉब ट्रेनिंग कार्यक्रम भी संचालित किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण का संचालन व्यावसायिक शिक्षक धर्मराज गुर्जर द्वारा किया जा रहा है, जिसमें 22 बालक-बालिकाएं सहभागिता निभा रहे हैं। यहां प्रशिक्षणार्थी सिलाई के साथ-साथ घर की सजावट से जुड़े व्यावहारिक कौशल सीख रहे हैं, जो भविष्य में स्वरोजगार की दिशा में सहायक सिद्ध होंगे।

पार्लर संचालक व प्रशिक्षक कौशल्या वैष्णव ने बताया कि इस तरह के व्यावसायिक एवं कौशल आधारित प्रशिक्षण विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ रोजगार की राह दिखाते हैं। स्थानीय संसाधनों और संस्थानों के सहयोग से संचालित ये कार्यक्रम आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को जमीन पर उतारने का सशक्त माध्यम बन रहे हैं।

## रक्तदान शिविर में 102 यूनिट रक्त एकत्रित



भीलवाड़ा फोकस @ सावर

(दिलखुश) टांकावास में रविवार को संत निरंकारी मिशन जोन-21 अजमेर एवं ब्रांच टांकावास के तत्वावधान में संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन के सहयोग से विशाल रक्तदान शिविर आयोजित हुआ। शिविर में 138 रक्तदाताओं ने पंजीयन कराया, जिनमें से 102 ने स्वेच्छा से रक्तदान किया।

रक्त संग्रहण कार्य राजकीय जिला चिकित्सालय केकड़ी की टीम ने संपन्न कराया। ब्रांच मुखी कालूराम निरंकारी ने बताया की शिविर का उद्घाटन जयपुर जोन से आए महात्मा सुरेंद्र कुमार ने किया। शिविर में 40 रक्तदाताओं ने पहली बार रक्तदान कर मानवता की मिसाल पेश की।

## कांग्रेस का 141वां स्थापना दिवस मनाया



भीलवाड़ा फोकस @ सावर

(दिलखुश) नगर कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का 141वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ नेता चांदमल सामरिया एवं मंगल सिंह राठौड़ ने की। समारोह में वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं को माला व साफा पहनाकर सम्मानित किया गया। साथ ही नगर निकाय प्रकोष्ठ जिला कार्यकारी में नव-नियुक्त महेश कुमार जैन (उपाध्यक्ष) और मुकेश शर्मा (सचिव) सहित अन्य पदाधिकारियों का भी अभिनंदन किया गया। नगर कांग्रेस अध्यक्ष कन्हैयालाल माली सहित विभिन्न मंडल अध्यक्षों व नेताओं ने पार्टी की विचारधारा और संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# गो सम्मान आह्वान अभियान की प्रदेश स्तरीय बैठक 30 को हरि शेवा धाम में

## गोमाता को राष्ट्रमाता का दर्जा व गोहत्या पर पूर्ण प्रतिबंध की मांग

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

(मूलचन्द पेसवानी)



गोसम्मान आह्वान अभियान के तहत 30 दिसंबर को दोपहर 3 बजे हरि शेवा धाम में प्रदेश स्तरीय बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक में संत, गोभक्त एवं सनातनी समाज के प्रतिनिधि शामिल होकर गोमाता के सम्मान, संरक्षण व संवर्धन को लेकर केंद्र सरकार से ठोस कानून बनाने की मांग करेंगे। इस अवसर पर सत्संग, गो-रक्षा से जुड़े विचार-विमर्श और जनजागरण कार्यक्रम भी होंगे। आयोजकों के अनुसार अभियान किसी राजनीतिक दल या संगठन के बैनर तले नहीं, बल्कि गौमाता के प्रधान संरक्षण और नंदी बाबा की अध्यक्षता में संचालित है। प्रमुख मांगों में गोमाता को राष्ट्रमाता का दर्जा, गोहत्या पर पूर्ण प्रतिबंध, गोहत्या व तस्करी में लिप्त अपराधियों के लिए आजीवन कारावास तथा गौ-रक्षा हेतु केन्द्रीय कानून शामिल हैं। अभियान के तहत गोबर-गोमूत्र आधारित अनुसंधान, पंचगव्य औषधियों का निःशुल्क वितरण, गौशालाओं को मनरेगा से जोड़ने और निराश्रित गौवंश के संरक्षण जैसे सुझाव भी रखे जाएंगे। आयोजकों ने स्पष्ट किया कि अभियान पूरी तरह अहिंसक व शांतिपूर्ण रहेगा और केवल संकीर्तन, प्रार्थना व जनजागरण के माध्यम से संदेश दिया जाएगा।

# विधायक मीणा ने कार्यकर्ताओं संग सुना 'मन की बात' का 129वां संस्करण

भीलवाड़ा फोकस @ जहाजपुर।

(गजानंद जोशी)



विधायक गोपीचंद मीणा ने रविवार को विधायक जनसंवाद केंद्र में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ मन की बात का 129वां संस्करण देखा-सुना। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी का यह कार्यक्रम जन-जन तक पहुंच रहा है और विकसित भारत के संकल्प को मजबूती दे रहा है। प्रधानमंत्री ने संबोधन में युवाशक्ति, विज्ञान, नवाचार और तकनीक में भारत की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि दुनिया भारत को आशा की दृष्टि से देख रही है। उन्होंने आगामी 77वें गणतंत्र दिवस को हर्षोल्लास से मनाने का आह्वान भी किया।

कार्यक्रम में भाजपा नेता किशोर शर्मा, नगर मंडल अध्यक्ष महेंद्र खटीक, पूर्व चेयरमैन गेगाराम मीणा, नगर महामंत्री दानमल जैन, एडवोकेट कमल गौड़, कोषाध्यक्ष ललित पारीक, नगर मंत्री लोकेश रैगर, पूर्व महामंत्री अनिल जोशी, रणवीर सिंह, नगर उपाध्यक्ष परमेंद्र सुवालका, पार्षद पंकज घारू सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# विशाल नेत्र व चिकित्सा शिविर एवं रक्तदान शिविर संपन्न

## 270 ओपीडी, 37 ऑपरेशन चयनित, 71 यूनिट रक्तदान

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।



राजस्थान प्रांतीय तैलिक साहू महासभा एवं भीलवाड़ा ब्लड बैंक के तत्वाधान में, जिला अंधता निवारण समिति भीलवाड़ा की प्रशासनिक अनुमति व आर्थिक सहयोग से रविवार को विशाल नेत्र, चिकित्सा एवं रक्तदान शिविर आयोजित किया गया।

शिविर प्रभारी मोड़ूलाल नैणावा ने बताया कि शिविर में डॉ. पवन ओला, डॉ. तरुणा दरगड, डॉ. सुधीर मालू, डॉ. विनोद गौतम, डॉ. विनिता जैन एवं डॉ. हर्षित पांचाल ने सेवाएं दीं। शिविर में कुल 270 मरीजों की ओपीडी हुई, जिनमें से 37 मरीजों को नेत्र ऑपरेशन हेतु चयनित किया गया। रक्तदान शिविर में 71 यूनिट रक्त संग्रहित हुआ। कार्यक्रम में महासभा अध्यक्ष देवीलाल साहू एवं गोपाल खंडेलवाल ने समाज के विशिष्ट समाजबंधुओं का सम्मान किया। सम्मानित होने वालों में शंकर तेली, लादूलाल, कैलाश तेली, सत्यनारायण तेली, रतन तेली, डॉ. अभिषेक साहू, भेरूलाल तेली, बालकिशन तेली, देवकरण तेली, दुर्गा शंकर तेली, त्रिलोक तेली, रतनलाल तेली, पुष्पेंद्र तेली, रामस्वरूप, एडवोकेट देवप्रकाश तेली, जगन्नाथ तेली, महेंद्र कुंवालिया सहित अन्य समाजजन शामिल रहे।

# रक्तदान शिविर आयोजित, 63 यूनिट रक्त संग्रह

भीलवाड़ा फोकस @ महुआ।

महावीर वैष्णव



कस्बे में रविवार को श्री राम गौशाला सेवा संस्थान के तत्वाधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

जिसमें क्षेत्रवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए कुल 63 यूनिट रक्तदान किया।

रक्तदान शिविर में संस्था के पदाधिकारियों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने सक्रिय सहयोग प्रदान किया। शिविर के दौरान गोपाल विजयवर्गीय, जगदीश शर्मा,ब्रजमोहन शर्मा, लोकेश स्वर्णकार, टीकम सिंह चौहान, जितेन्द्र प्रजापत, चैतन्य राठौड़, कैलाश चन्द्र शर्मा, दिनेश वैष्णव, उमेश जोशी सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# रेडवास के ग्रामीणों ने विधायक गोपीचंद मीणा से रखी विकास मांगे



भीलवाड़ा फोकस @ जहाजपुर


(गजानंद जोशी)

जहाजपुर-कोटड़ी क्षेत्र की रेडवास ग्राम पंचायत के ग्रामीणों ने रविवार को गोपीचंद मीणा से मुलाकात कर क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं से अवगत कराया। ग्रामीणों ने रेडवास में 500 एमटी क्षमता का सहकारी समिति गोदाम खोलने, बलियाखेड़ा ग्राम पंचायत में उप स्वास्थ्य केंद्र स्थापित करने तथा लाडपुरा रोड से ग्राम नोहर वाया गोठड़ा तक सीसी व डामरीकरण सड़क निर्माण की मांग रखी।

विधायक मीणा ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि तीनों कार्यों की स्वीकृति शीघ्र दिलाई जाएगी। इस अवसर पर जगन्नाथ बलाई, उप सरपंच रामनारायण जाट, रामेश्वर जाट, बद्रीलाल जाट, सीताराम रायका, प्रभुलाल जाट, गोपाल जाट सहित कई ग्रामीण उपस्थित रहे।

# पौषबड़ा पर्व पर पंचमुखी बालाजी मंदिर में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।



शहर में रविवार को पौषबड़ा पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। शहर के प्रमुख हनुमान मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना कर बालाजी को पौषबड़े का भोग अर्पित किया गया तथा श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया।

पुर रोड औद्योगिक क्षेत्र फेज-3 स्थित पंचमुखी बालाजी मंदिर में पर्व के अवसर पर दिनभर भजन-कीर्तन का आयोजन हुआ। प्रख्यात भजन कलाकारों ने मधुर भजनों की प्रस्तुतियां दीं, जिससे मंदिर परिसर भक्तिमय माहौल से सराबोर रहा। मंदिर पुजारी मुरारी पांडे ने बालाजी को चोला चढ़ाकर पौषबड़े का भोग अर्पित किया, इसके बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। पौषबड़ा महोत्सव के दौरान मंदिर परिसर में सैकड़ों श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही।

QUICK BITES

# बीसलपुर भराव क्षमता बढ़ाने के विरोध में विस्थापितों का धरना छठे दिन भी जारी

भीलवाड़ा फोकस @ सावर



(दिलखुश) बीसलपुर बांध की भराव क्षमता बढ़ाने के राज्य सरकार के प्रस्ताव के खिलाफ विस्थापितों का आक्रोश लगातार जारी है। विस्थापित समन्वय संघर्ष समिति का धरना रविवार को छठे दिन भी मजबूती से चला। समिति अध्यक्ष मुकुट सिंह राणावत ने चेतावनी दी कि विस्थापितों की अनदेखी किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। समिति ने जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी को ज्ञापन भेजकर मांग की कि भराव क्षमता 315.50 आर.एल. मीटर पर ही यथावत रखी जाए। समिति का कहना है कि 316 आर.एल. मीटर तक बढ़ने से कई गांवों की आबादी, उपजाऊ कृषि भूमि और हजारों परिवारों की आजीविका संकट में पड़ जाएगी। संघर्ष समिति ने पुनर्वास में अपर्याप्त भूमि आवंटन और बांध निर्माण के समय किए गए पानी व सिंचाई संबंधी वादों के अधूरे रहने का मुद्दा भी उठाया। रविवार को प्रभावित गांवों में जनसंपर्क कर धरने में शामिल होने का आह्वान किया गया, वहीं प्रतिनिधियों ने जहाजपुर-कोटड़ी विधायक गोपीचंद मीणा को भी ज्ञापन सौंपा।

# जैन समाज ने किया सामूहिक धर्मानुष्ठान

भीलवाड़ा फोकस @ सावर



(दिलखुश) उपखंड क्षेत्र के कालेड़ा कंवरजी स्थित श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर में रविवार को श्री 1008 चिंतामणि मूलनायक भगवान पार्श्वनाथ के सानिध्य में समस्त सिंगल परिवारों के सहयोग से भक्तामर मंडल एवं विधान कार्यक्रम श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में तीर्थ चक्रवर्ती, जगत पूज्य निर्यापक मुनि पुंगव 108 श्री सुधासागर महाराज के मंगल प्रवचनों ने उपस्थित श्रद्धालुओं को गहन आध्यात्मिक संदेश दिया। मुनिश्री ने अपने प्रवचन में कहा कि प्रत्येक जैन परिवार को अपने मूल निवास स्थान, जहां उनके पूर्वजों ने जैन मंदिर का निर्माण कराया और पूजा-अर्चना की, वहां वर्ष में कम से कम एक बार अवश्य जाकर भगवान के दर्शन, पूजन, अभिषेक या विधान करना चाहिए। यह परंपरा हमारी संस्कृति और धर्म की जड़ों को मजबूत करती है। भक्तामर विधान का सुमधुर गायन प्रसिद्ध गायक कलाकार कमलेश देवी जैन द्वारा साज-बाज के साथ कराया गया, जिससे पूरा मंदिर परिसर भक्तिरस से सराबोर हो गया। विधान में क्षेत्र सहित आसपास के गांवों से पधारे समस्त जैन समाज के परिवारों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

# निःशुल्क नेत्र शिविर ,170 की जांच, 90 का होगा ऑपरेशन

भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर



(सांवर वैष्णव)। कस्बे के राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में रविवार को विशाल निःशुल्क नेत्र चिकित्सा एवं लैंस प्रत्यारोपण शिविर आयोजित किया गया। शिविर में कुल 170 मरीजों की जांच की गई, जिनमें से 90 मरीजों को ऑपरेशन के लिए चयनित किया गया। समाजसेवी श्यामसुंदर श्रोत्रिय ने बताया कि शिविर का आयोजन जिला अंधता नियंत्रण सोसायटी, श्री भूरालाल शौभाग सिंह बाबेल चैरिटेबल ट्रस्ट, लायंस क्लब वेलफेयर ट्रस्ट भीलवाड़ा एवं जीतो लेडीज विंग भीलवाड़ा के संयुक्त सहयोग से किया गया।

सुबह 10:30 से दोपहर 3 बजे तक चले शिविर में चयनित मरीजों को ऑपरेशन हेतु भीलवाड़ा भेजा गया, जहां उनके ऑपरेशन सोमवार को होंगे। शिविर में नाथूलाल छाजेड़ (पूर्व डीपीएम), ट्रस्ट अध्यक्ष ललित कुमार बाबेल, सचिव महावीर बाबेल, कोषाध्यक्ष विकास बाबेल सहित अनेक पदाधिकारी व सेवाभावी उपस्थित रहे।

# खुशी कुमारी मीणा को पद्माक्षी पुरस्कार

## 12वीं विज्ञान में 94.60' अंक, मिलेगी स्कूटी व एक लाख की प्रोत्साहन राशि

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।



मानव तिवाड़ी। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय की छात्रा खुशी कुमारी मीणा का चयन राज्य सरकार द्वारा प्रदान किए जाने वाले पद्माक्षी पुरस्कार के लिए हुआ है। खुशी कुमारी मीणा ने कक्षा 12वीं विज्ञान वर्ग में 94.60 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इसी आधार पर उसका नाम राज्य की मेरिट सूची में शामिल हुआ और उसे पद्माक्षी पुरस्कार के लिए चयनित किया गया। पुरस्कार योजना के अंतर्गत छात्रा को 1 लाख रुपए की प्रोत्साहन राशि एवं एक स्कूटी प्रदान की जाएगी। छात्रा की इस उपलब्धि पर विद्यालय के समस्त स्टाफ, एसडीएमसी सदस्यों एवं ग्रामवासियों में हर्ष का माहौल है। सभी ने खुशी कुमारी को बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कम्प्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।